हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 22 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 20.8 डिग्री
न्यूनतम 5.2 डिग्री

10 मनरेगा योजना का नाम बदलने पर बिफरी कांग्रेस



10 गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को किया नमन



## खबर संक्षेप

### कोहरे के चलते नहर में गिरी कार, चालक बचा

**पानीपत।** पानीपत में रविवार की सुबह घने कोहरे के चलते विजिबिलिटी बेहद कम होने के कारण गांव बिंझौल के पास सिंचाई विभाग के कार्यालय के सामने दिल्ली पेरलल नहर किनारे चल रही कार पर चालक उप्पल मूल निवासी गांव नारा हाल निवासी मुखीजा कालोनी, पानीपत का नियंत्रण नहीं रहा और वह कार समेत नहर में गिर गया। चालक ने कार का शीशा तोड़ा और किनारे खडे लोगों की मदद से जैसे तैसे नहर से बाहर आया। इधर, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से कार को नहर से बाहर निकलवाया। उप्पल ने बताया कि वह गांव बिंझौल में स्थित गौशाला में गाय को चारा खिलाने जा रहा था। वहीं कोहरे के कारण वह कार समेत नहर में जा गिरा।

### धमकी देने वाले को उठा ले गई यूपी पुलिस

**पानीपत।** पानीपत में चार स्कूलों के चेयरमैन विजेंद्र मान से 25 लाख रुपए की फिरौती मांगने के केस में उत्तर प्रदेश की मेरठ पुलिस ने सन्नी पुत्र रामकिशन नामक युवक को सोनीपत स्थित खेड़ी रोड गांधी नगर से गिरफ्तार किया है। वहीं, मेरठ पुलिस की टीम ने सनी के आईपी एड्रेस से सिस्टम की लोकेशन ट्रेस करते हुए सन्नी तक पहुंची थी। स्मरणीय है कि विजेंद्र मान को आरोपी ने ईमेल पर हत्या की धमकी देकर 25 लाख रुपए की फिरौती की मांग की थी। वहीं अब पानीपत पुलिस आरोपी सन्नी को प्रोडक्शन वारंट पर मेरठ से लाने की तैयारी कर रही है।

### विवाहिता से सरेराह छेड़छाड़, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के नूरवाला क्षेत्र के मोहित नगर निवासी विवाहिता के साथ तीन लोगों ने सरेराह छेड़खानी की । वहीं जब विवाहिता ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसे हत्या की धमकी दी। वहीं राहगिरों की भीड एकत्र होने पर तीनों आरोपी फरार हो गए। इधर, विवाहिता की शिकायत पर तहसील कैंप थाना पुलिस ने आरोपी आदिल, आरिफ, सन्नी के विरुद्ध केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### दो भाइयों पर छेड़छाड़ करने का आरोप

**यमुनानगर।** युवती ने दो भाइयों पर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने व छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जगाधरी थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी 23 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि आरोपी अनिल व उसके भाई सुनील ने उसकी चोरी से अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपी उसे ब्लैकमेल करने लगे।

# विद्यार्थी शिक्षित बनकर देश के विकास में निभाएं महत्ती भूमिका : मुख्यमंत्री सैनी

## डीपीएस में शीतकालीन कार्निवल समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग

दिल्ली पब्लिक स्कूल में चल रहे शीतकालीन कार्निवल (समन्वय) समारोह का रविवार को धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्निवल कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाग लिया।

विशिष्ठ अतिथि के रुप में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मौजूद रहे। इस दौरान स्कूल के चेयरमैन रामनिवास गर्ग ने मुख्यातिथि का पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बच्चों व उनके अभिभावकों समेत गणमान्य ने भाग लिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर के विद्यार्थी यहां से प्रेरणा लेकर ना केवल अपने विद्यालय व अपने परिवार का नाम रोशन करें। बल्कि देश-विदेश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। वह विद्यालय से शिक्षित होकर अपना, अपने परिवार का देश विदेश में नाम रोशन करें। मौके पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पंजाबी गिद्दा, हरियाणवी नृत्य और डीपीएस बैंड द्वारा जीवंत प्रस्तुति दी गई। इस मेले में टैलेंट हंट के माध्यम से मेले में आने वाले सभी बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन हेतु मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जीटीएसई परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन रामनिवास गर्ग ने सभी का हार्दिक धन्यवाद किया । प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी का आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल, पूर्व विधायक चौधरी बलवंत सिंह , एडवोकेट एवं सदस्य (एचईआरसी) मुकेश गर्ग, उपायुक्त प्रीति, पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, एडीसी नवीन आहूजा व एसडीएम विश्वनाथ आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्निवल समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पुष्प गुच्छा देकर स्वागत करते हुए विद्यालय के चेयरमैन व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### सौगात देने पर सीएम का जताया आभार

कुरुक्षेत्र। योगी योगी नाथ समाज के जिला अध्यक्ष श्याम लाल ने विधानसभा के पिपली मंडल को मिली नायाब सौगात और लाडवा विधानसभा मे विकास कार्यों को गति देने के लिए 16.50 करोड़ रुपए की लागत के 6 प्रोजेक्टों के उद्घाटन और शिलान्यास किए जाने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जब से लाडवा हलके के विधायक बने हैं उन्होंने लाडवा हल्के की कायाकल्प कर दी है ।उन्होंने कहा कि पिछले दिनों लाडवा हलके के पिपली खंड में मुख्यमंत्री ने अनेकों सौगात देकर पिपली खंड के लोगों का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है । उन्होंने कहा कि इन 6 प्रोजेक्टों में 2 प्रोजेक्ट पिपली मंडल के है जिसमें गांव सिरसमा और गांव बजीदपुर में नलकूल व पेयजल पाईप लाईन तथा -किशनपुरा में पेयजल पाईप लाईन का शिलान्यास शामिल है। उन्होंने कहा कि जिन कामों की घोषणा मुख्यमंत्री ने की है जल्दी ही इन कामों को धरातल पर पूरा किया जाएगा ।

## सीएम ने विकास कार्यों के लिए 2.39 करोड़ देने की घोषणा की

लाडवा के 5 गांवों में होगा विकास



**लाडवा।** लोगों को सबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व उपस्थित लोग। *फोटो : हरिभूमि*

**लाडवा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा लाडवा के पांच गांवों प्रहलादपुर, बदरपुर, बणी, बूढ़ा और गांव बपदी में 2 करोड़ 39 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही पांचों गांवों के सरपंच द्वारा रखी की 68 मांगों को भी जल्द पूरा करने का एलान किया। इनमें गली-नाली निर्माण, चौपाल, कम्यूनिटी सेंटर, खेल स्टेडियम, तालाब के सौंदर्यीकरण, पार्क बनाने और स्कूल अपग्रेड करने जैसी मांगें शामिल हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इन गांवों में विधानसभा के लोगों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही अधिकारियों को उन समस्याओं के समाधान के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ग्रामीणों को कहा कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र के विकास में पैसों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। नागरिकों से आह्वान किया कि वो किसी भी नए काम के लिए एक बार उन तक अपनी मांग को पहुंचा दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों की सुनवाई के लिए समय मिलने पर खुद भी उनके बीच में आते हैं और इसके अलावा हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी, एडीसी महेंद्र सिंह और कुरुक्षेत्र कार्यालय में कैलाश सैनी सुनवाई के लिए मौजूद रहते हैं। मुख्यमंत्री ने गांव प्रहलादपुर, बदरपुर, बणी, बूढ़ा और गांव बपदी में विकास कार्यों को करवाने के लिए 21-21 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके अलावा पीने के पानी की पाइप लाइन के लिए प्रहलादपुर में 47.46 लाख, बदरपुर में 43.31 लाख और बपदी में 32.27 लाख रुपये की घोषणा शामिल है।

# अमृतसर से मडगांव तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

- रेलवे अधिकारियों को दिए गए जरूरी बंदोबस्त करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

क्रिसमस के अवसर पर लंबी दूरी की ट्रेनों में लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अमृतसर से मडगांव के बीच विशेष ट्रेन के संचालन का फैसला किया है।

इस ट्रेन के संचालन से मध्यप्रदेश सहित राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र और बिहार जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

ट्रेन का संचालन तीन दिन के लिए किया जाएगा। अंबाला रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि ट्रेन के आरक्षण को लेकर भी प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है और ट्रेन से जुड़ी जानकारी भी सिस्टम पर अपडेट कर दी गई है ताकि यात्रियों को इस विशेष ट्रेन की जानकारी मिल सके और वो समय रहते इसमें आरक्षण करवा कंफर्म टिकट प्राप्त कर सकें।

### ट्रेन की समय सारिणी तय

*ट्रेन नंबर 04694 अमृतसर से 22 व 27 दिसंबर और 1 जनवरी 2026 को सुबह 5:10 बजे रवाना होकर सुबह 9:10 बजे अंबाला कैंट और अगले दिन रात 11:55 बजे मडगांव पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04693 मडगांव से सुबह आठ बजे रवाना होकर अगले दिन रात 12:15 बजे अंबाला कैंट और सुबह 4:30 बजे अमृतसर पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में इस विशेष ट्रेन का ठहराव ब्यास, जालंधर सिटी, लुधियाना, साहनेवाल,अंबाला कैंट, पानीपत, दिल्ली सफरदरजंग, पलवल, मथुरा, गगनपुर सिटी, स्वाई माधोपुर, कोटा, नागदा, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वसई, कामन रोड, पनवेल, रोहा, मंगाव, खेड, चिपलून, संगमेश्वर, रत्नागिरी, राजापुर, कांकवाली, खुदल, स्वतवंदी रोड, थिवम व करमेलाई स्टेशनों पर दिया जाएगा।*

### 44.30 घंटे में पूरा करेगी 2373 किमी का सफर

अमृतसर से मडगांव के बीच चलने वाली यह ट्रेन 2373 किमी का सफर 44.30 घंटे में पूरा करेगी। ट्रेन की एवरेज गति 55.32 किमी प्रतिघंटा रहेगी। ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी सहित स्लीपर के 21 कोच लगाए जाएंगे। ट्रेन में मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी लुधियाना, अंबाला, कोटा, रतलाम, पनवेल और चिपलून स्टेशन अधीक्षकों को सौंपी गई है जो पानी के अलावा अन्य सुविधाओं का ध्यान रखेंगे।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**अंबाला।** अंबाला शहर के मानव चौक के निकट देर रात को बाइक की चपेट में आकर पैदल सड़क पार कर रहे युवक की मौत हो गई। अंबाला शहर के न्यू रत्नगढ़ निवासी सतपाल ने बताया कि वह ऑटो चलाते हैं। 20 दिसंबर को घर वापस आ रहा था। शाम को 8 बजकर 30 मिनट पर देखा कि एक बाइक सवार ने पैदल चल रहे युवक को टक्कर मार दी। वह उतर गया तो देखा कि बेटा संदीप था। जो गंभीर रूप से घायल था। मौके पर बाइक वाले का नंबर नोट कर लिया था। बेटे को उपचार के लिए अंबाला शहर के ट्रामा सेंटर में लेकर पहुंचे तो चंडीगढ़ रेफर कर दिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत

- सरस्वती नगर में पशु अस्पताल के पास हुआ हादसा

**यमुनानगर।** सरस्वती नगर स्थित पशु अस्पताल के पास तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव खेड़ा खुर्द निवासी हरिओम भाटिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही 21 वर्षीय विकास भाटिया 19 दिसंबर को किसी काम से बाहर गया था। शाम को जब करीब साढ़े छह बजे वह वापस घर लौट रहा था तो सरस्वती नगर स्थित पशु अस्पताल के पास तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने विकास भाटिया की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने विकास को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## बस ने बाइक सवार दो युवकों को कुचला, मौत

**घरौंडा।** पुराने बस स्टैंड के समीप अग्निशमन केंद्र के सामने रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में हरियाणा रोडवेज की बस ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। गुस्साए लोगों ने हरियाणा रोडवेज के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, बस पर पथराव कर उसके शीशे तोड़ दिए और सड़क जाम कर दिया। रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे हरियाणा रोडवेज रोहतक डिपो की बस चंडीगढ़ से रोहतक की ओर जा रही थी। जब बस पुराने बस स्टैंड के पास अग्निशमन केंद्र के सामने पहुंची, तभी घरौंडा से पानीपत की ओर जा रही बाइक को बस ने जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक बस के नीचे आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक बस लेकर मौके से फरार होने का प्रयास करने लगा, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने बस को घेर लिया। हालांकि चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। गुस्साए लोगों ने बस की चाबी निकाल ली और सेन चौक पर भारी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। इसके बाद हरियाणा रोडवेज के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बस पर पथराव कर दिया।

## भारत रत्न अटल जन्म शताब्दी समारोह 25 से 31 तक मनाया जाएगा

**पानीपत।** श्याम कमल भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। वहीं, बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने केंद्र ओर प्रदेश की जनकल्याणकारी नीतियों पर प्रकाश डालते हुए भारत को शिक्षित, विकसित व शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में पूर्ण सहयोग देने का संकल्प भी उपस्थित जनसमूह को दिलवाया।

भाजपा जिला प्रभारी अशोक गुर्जर ने कहा कि भारत में ही नहीं सारे विश्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अटल जन्म शताब्दी वर्ष पर अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। हरियाणा में भी 25 से 31 दिसंबर तक अनेक कार्यक्रम आयोजित कर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि दी जाएगी। बैठक को केंदीय ऊर्जा मंत्री के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता जहां मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण में पूर्ण भूमिका अदा करेंगे, वहीं मेरा बूथ सबसे मजबूत बनाने में ओर अधिक सहयोग दें। बैठक में एसआईआर पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से भी इस कार्यक्रम के बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह न केवल विस्तार से जानकारी दी बल्कि एस आई आर अभियान सफल बनाने का अनुरोध भी किया।

बैठक में धर्मपाल जागलान, कृष्ण छौक्कर, लोकेश नांगरू, वेद पराशर, ईश कुमार राणा, डॉ.राजबीर आर्य, अशोक कटारिया, ओमदत आर्य आदि भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**पानीपत।** भाजपा की बैठक में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का स्वागत करते जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट।

## योगाश्रम मिर्जापुर में भी मनाया विश्व ध्यान दिवस एवं महिला योग शक्ति दिवस

# भारतीय योग संस्थान के साधकों ने किया ध्यान और मस्ती

- जूम एप पर साधकों ने ऑनलाइन ध्यान शिविर में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

द्वितीय विश्व ध्यान दिवस, भारतीय योग संस्थान के 14 वें वार्षिक ध्यान उत्सव, एवं 220 वें मासिक ध्यान शिविर पर आज भारतीय योग संस्थान के देश ही नहीं विश्व भर के साधकों ने ध्यान का आनंद उठाया।

संस्थान के हरियाणा प्रांतीय प्रधान ओम प्रकाश द्वारा हरियाणा प्रांत के सभी साधकों को प्रातः 5:30 से 6:15 तक ऑनलाइन ध्यान साधना का अभ्यास करवाया। जूम एप के 100 स्लॉट पर सैकडों साधकों ने इकट्ठा होकर इस ऑनलाइन ध्यान शिविर में भाग लिया। उसके पश्चात प्रातः 6:15 से 8:00 बजे तक संस्थान के केंद्रीय कार्यालय योगाश्रम रोहिणी, दिल्ली में आयोजित मासिक ध्यान शिविर एवं वार्षिक ध्यान उत्सव में दिल्ली व एनसीआर के हजारों साधकों व कार्यकतार्ओं ने संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान माननीय देस राज जी द्वारा संचालित ध्यान योग शिविर में भाग लिया। पूरे देश के केंद्रीय व प्रांतीय अधिकारी इस कार्यक्रम में जूम एप के माध्यम से लाइव जुड़े। बाकी हजारों साधकों ने संस्थान के यूट्यूब चैनल भारतीय योग संस्थान रोहिणी पर जुड़कर इस ध्यान सत्र का लाभ उठाया। उल्लेखनीय है कि आज संस्थान का 14 वां वार्षिक तथा 220 वां मासिक ध्यान योग शिविर था। संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान देस राज जी ने सभी को इस ध्यान त्रिवेणी महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि सभी साधकों की योग साधना निरंतर बढ़ती रहे और उनका जीवन सदैव योगमय बना रहे। सभी स्थानीय योग जिलों द्वारा सामूहिक रूप से महिला योग शक्ति दिवस मनाया गया । प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने सभी उपस्थित साधकों व कार्यकतार्ओं को द्वितीय विश्व ध्यान दिवस व महिला योग शक्ति दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के लिए मंगल कामना की । इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमा, दयानंद आर्य, ओम प्रकाश बाजवा, मिथिलेश, उषा, ईशा, विजय मुद्गल, डॉ रणधीर सिंह ने सुंदर प्रस्तुतियां से अपनी कला का प्रदर्शन किया। हरियाणा योग आयोग के सदस्य एवं संस्थान के पूर्व संगठन मंत्री डॉ मनीश कुकरेजा ने मधुर बांसुरी वादन पर सभी को खूब नचाया। ब्रह्म सरोवर जिला के जोन प्रधान डॉ ओमप्रकाश ने भारतीय योग संस्थान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों से ग्लोबल पुरस्कार प्रदान किए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि इस पुरस्कार से संस्थान का एक-एक साधक गौरवान्वित अनुभव कर रहा है।



**कुरुक्षेत्र।** योगाश्रम मिजार्पुर में ध्यान साधना करते भारतीय योग संस्थान के साधक।

### महिला को सशक्त बना सकता है योग

*प्रांतीय संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर ने बधाई देते हुए विशेषकर महिलाओं के लिए उपयोगी योगासनों एवं प्राणायाम के बारे में बताया और कहा कि योग महिला को सशक्त बना सकता है और अपनी संकल्प शक्ति से महिला योग को सशक्त बना सकती है। स्थानीय संरक्षक हरिराम जोशी ने भी बधाई देने के पश्चात ओम ध्वनि व शांति पाठ करवाया। भीष्म जिला प्रधान सीमा सांगवान ने सुंदर मंच संचालन किया। कार्यक्रम में प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, जिला प्रधान सुमन तोमर, देवी दयाल सैनी, मनीराम सैनी, जिला अधिकारी हेम सिंह राणा, शिव कुमार, हरि कृष्ण भारद्वाज, जगवीर सांगवान, विपन गुप्ता, रेनू जैन, भीमराज सैनी, पूर्व प्रांतीय मंत्री मानसिंह सहित अनेक साधक व कार्यकर्ता उपस्थित थे।*

# फर्जी दस्तावेज के आधार पर रिटायर्ड फौजी से हड़पा प्लॉट

- छह माह के भीतर तीन अलग-अलग लोगों के नाम करवाई प्लाट की रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

फर्जी दस्तावेज तैयार कर रिटायर्ड फौजी से 213 वर्ग गज का प्लाट हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप नरपल सिंह, सतनाम कौर व सहदेव मेहता पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंबाला कैंट निवासी पूनम जैन ने हुड्डा सेक्टर 17 जगाधरी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके पति अशोक कुमार आर्मी से रिटायर्ड है। जब उसके पति आर्मी में नौकरी करते थे तो 1988 में उन्होंने यमुनानगर के कांसापुर क्षेत्र में 213 वर्ग गज का एक प्लाट खरीदा था। पति नौकरी करते थे तो उनका अक्सर बाहर ही रहना होता था। जिस कारण वह प्लाट को देखने कभी कभार ही आते थे। 2017 में उसके पति अशोक कुमार आर्मी से रिटायर हो गए। इसके बाद वह अंबाला कैंट में रहने लगे। पूनम जैन ने बताया कि जब वह कांसापुर में अपना प्लाट देखने के लिए आए तो उन्हें जांच के दौरान पता चला कि नरपल सिंह, सतनाम कौर व सहदेव मेहता ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लाट को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया है। आरोपियों ने छह महीने के भीतर तीन बार प्लाट की रजिस्ट्री अलग-अलग व्यक्ति के नाम करवा दी है। इसकी सूचना उसने पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपी लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

## अष्टविनायक पब्लिक स्कूल खरकाली में धूमधाम से आयोजित हुआ वार्षिक उत्सव

# बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं, नशे से दूर रहें : नरेंद्र सिंह

■ बच्चों ने हिंदी, अंग्रेज, पंजाबी व राजस्थानी गीतों पर शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोहा

**रादौर के एसडीएम नरेंद्र सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग**




यमुनानगर। कस्बा रादौर के अष्टविनायक पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देते हुए बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

अष्टविनायक पब्लिक स्कूल खरकाली में वार्षिक उत्सव 2025 धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक उत्सव में मुख्यातिथि के रुप में रादौर के एसडीएम नरेंद्र सिंह ने भाग लिया। वहीं, अध्यक्षता स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन अमन पंजेटा ने की। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में रादौर के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजपाल सिंह मौजूद रहे। मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित करके वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया गया।

स्कूल के चेयरमैन डा. अमन पंजेटा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने बताया कि वार्षिकोत्सव का शुभारंभ वंदे मातरम गीत से किया गया। इसके बाद बच्चों ने हिंदी, अंग्रेज, पंजाबी व राजस्थानी गीतों पर शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। वहीं,बच्चों ने मलखम की शानदार प्रस्तुति देकर स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में आर्यन व साहिल एंड टीम ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।

इसके अलावा बच्चों ने विभिन्न गीतों पर नृत्य और भांगड़ा करके सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर मुख्यातिथि एवं एसडीएम रादौर नरेंद्र सिंह ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बच्चे पढ़ लिखकर देश, समाज व माता पिता का नाम रोशन करें। बच्चे नशे से दूर रहकर खेलों,सांस्कृतिक कार्यक्रमों समेत विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपना और अपने अभिभावकों का नाम रोशन करें। ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बच्चों का मनोबल व उत्साह बढ़ता है। जिससे बच्चे जीवन में कामयाबी हासिल कर सकते हैं। विशिष्ठ अतिथि इंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने भी बच्च्चों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सलाह दी।

उन्होंने बताया कि नशे से दूर रहें और दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेल्मेट का प्रयोग करें। चेयरमैन डा. अमन पंजेटा ने कहा कि स्कूल की ओर से बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की समुचित व्यवस्था की गई है।

## बाइक सवार दो युवकों ने महिला के कान से झपटी सोने की बाली

**यमुनानगर ।** शहर के ईस्ट भाटिया नगर स्थित शिव चौक के पास बाइक सवार दो युवकों ने एक महिला के कान से सोने की बाली झपट ली। घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार ईस्ट भाटिया नगर निवासी बबली बंसल ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 20 दिसंबर को शाम सवा चार बजे किसी काम से मार्केट में जा रही थी। इस दौरान शिव चौक के पास बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। आरोपी बाइक पर चलते हुए उससे बात करने लगे।

इसके बाद आरोपी युवकों ने उसके कान से सोने की बाली झपट ली और मौके से फरार हो गए। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने इकट्ठा होकर आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया मगर आरोपी मौके से भागने में कामयाब रहे। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



यमुनानगर। गांव बरहेड़ी में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए रक्तदाता।

## रक्तदान शिविर में एकत्र किया 40 यूनिट रक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

महाकाल युवा मंच के तत्वावधान में रविवार को शहीद उद्यम सिंह कांबोज के जन्मदिवस के उपलक्ष में गांव बरहेड़ी रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश दताना व सरपंच प्रतिनिधि सुनील कौशल ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया।

मुख्यातिथि सतीश दताना ने दीप प्रज्वलित कर व रक्तदाताओं को बैज लगाकर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान शिविर में चिकित्सकों ने रक्तदाताओं से 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया। मुख्यातिथि ने रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। सतीश दताना कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचाने में अहम योगदान रखता है। महाकाल युवा मंच के प्रदेश महासचिव डा. मनीष कंबोज ने बताया कि महाकाल मंच समाजसेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर योगदान कर रहा है। युवा मंच के माध्यम से किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति तक रक्त पहुंचाते है। जिससे जरूरतमंद व्यक्ति की जान बच जाती है। इस अवसर पर सरपंच नीलम रानी, अमन प्रजापति, राजन वाल्मीकि, हिमांशु कांबोज, डा. मनीश कांबोज, सौरभ कौशल, सुनील कौशल आदि मौजूद रहे।

## पर्ल किंडरगार्टन विंग स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

■ भाजपा नेता नेपाल राणा ने स्कूल को एक लाख की राशि देकर किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। कस्बा रादौर में पर्ल किंडरगार्टन विंग स्कूल में प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

पर्ल किंडरगार्टन विंग स्कूल रादौर में रविवार को वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे एवं भाजपा नेता नेपाल राणा ने भाग लिया। मौके पर चेयरमैन रजनीश मेहता व विधानसभा के अध्यक्ष हरिंदर कल्याण की बेटी आशना कल्याण मौजूद रही।

मुख्य अतिथि नेपाल राणा द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पर्ल स्कूल के फांउडर सुनील द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। उसके उपरांत बच्चों ने अपनी विभिन्न प्रतिभाएं दिखाई। बच्चों द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत में सरस्वती वंदना की गई। विभिन्न कक्षाआ के बच्चों ने अलग-अलग तरह के नित्य प्रस्तुत किया।

नेपाल सिंह राणा ने बच्चों वह अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने स्कूल को एक लाख रुपये की राशि देकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने नन्हे बच्चों की इतनी सुंदर प्रस्तुति को देखकर कहा कि इससे स्कूल की मेहनत साफ झलकती है। इसके उपरांत स्कूल की मुख्य अध्यापिका स्वाति गोयल व प्रबंधक निदेशक अमन गोयल द्वारा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि स्कूल हमेशा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत रहता है और आज इसमें आत्मरक्षा के लिए जो हुनर दिखा। वह समाज की जरूरत भी है।

## गोकशी करके गो मांस खाने व बेचने पर तीन पर केस दर्ज

**यमुनानगर ।** जिले के प्रताप नगर थाना पुलिस ने गोकशी करके गो मांस खाने व बेचने के आरोपी में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

■ गांव नागलपट्टी में जांच के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

जानकारी के अनुसार थाना प्रताप नगर में तैनात हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार ने बताया कि गत 20 दिसंबर को उन्हें सूचना मिली थी कि गांव नागलपट्टी में कुछ लोगों द्वारा गोकशी करके गो मांस को खाने व बेचने का काम किया है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंच कर जांच की तो सामने आया कि इकराम, इरशाद और अमीर हुसैन उर्फ सनी ने गोकशी करके गो मांस को खाने व बेचने का काम किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

## भारत विकास परिषद ने 117 बच्चों को गर्म वस्त्र किए भेंट

■ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। राजकीय स्कूल अलाहर में भाविप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शाखा के सदस्यों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

भारत विकास परिषद शाखा रादौर द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर में कार्यक्रम आयोजित कर 117 बच्चों को सर्दी से बचने के लिए गर्म कोट वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में भाविप के संरक्षक मान सिंह आर्य ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य मुकेश रोहिला ने की।

मौके पर मुख्यातिथि एवं भाविप के संरक्षक मान सिंह आर्य ने कहा कि भारत विकास परिषद समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। इस दौरान संस्था द्वारा जरुरतमंदो की सहायता करना व देश और समाज हित के लिए अनेकों कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानाचार्य मुकेश रोहिला ने भाविप रादौर शाखा द्वारा उनके स्कूल में बच्चों को गर्म वस्त्र भेंट करने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करके भाविप द्वारा समाज में जरूरतमंदों की सेवा व सहयोग करने की जागृति पैदा की जा रही है। उन्होंने मौके पर भाविप के सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

### यह रहे मौजूद

मौके पर भाविप के अशोक आहूजा, सतीश अग्रवाल, डॉ. बलदेव सैनी, विनोद गर्ग, सुमित गोयल, राजकुमार पुजारा,कुलदीप गुप्ता, संजय कांबोज व दीपक मित्तल आदि मौजूद थे।

## धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप केस किया दर्ज

**यमुनानगर ।** छछरौली के खेड़ा मोहल्ला निवासी हरप्रीत सिंह ने एक न्यूज चैनल के खिलाफ शिकायत देकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार छछरौली के खेड़ा मोहल्ला निवासी हरप्रीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 20 दिसंबर को एक न्यूज चैनल द्वारा सिख धर्म के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है। इससे सिख धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंची है। न्यूज चैनल की टिप्पणी से समाज को तोड़ने और राज्य में शांति भंग कर तनाव का माहौल पैदा हो सकता है पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## युवाओं को इतिहास से सबक लेकर वर्तमान को बनाना चाहिए उज्ज्वल : संदीप



**रादौर।** सैनी समाज रादौर की ओर से रविवार को कस्बा के खेड़ा मोहल्ला में महाराजा सुरसैनी का जन्मदिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यातिथि व अन्या ने महाराजा सूरसैनी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यातिथि एवं समाज के प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि सैनी समाज ने अपनी मेहनत और ईमानदारी के दम पर पूरे विश्व में अपना नाम रोशन किया है। भावी पीढ़ियों को उज्जवल भविष्य देने के लिए वर्तमान में भी समाज कार्य करता रहेगा। उन्होंने बताया कि समाज हमेशा उन सदस्यों का आभारी रहेगा जिन्होंने समुदाय के लिए कड़ी मेहनत की है। संदीप सैनी ने कहा कि महाराजा शूरसेनी का जीवन एक महान राजा के रूप में इतिहास के पन्नों में दर्ज है। उन्होंने कहा कि महाराजा शूरसेनी एक धार्मिक व्यक्ति होने के साथ-साथ वेदों के भी ज्ञाता थे। प्रधान ने समाज के युवाओं से कहा कि वह अपने इतिहास से सबक लें और अपनी मेहनत से वर्तमान को रोशन करें।

## अवैध नशे का धंधा करने वाले मानवता के दुश्मन, युवाओं को बचाना होगा : मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को पंजाबी धर्मशाला रादौर में मां दुर्गा की महाआरती का आयोजन किया गया। मौके पर श्री गुरुवर व मां के जयकारे लगाए गए। कार्यक्रम में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र मेहता ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।

मुख्यातिथि राजेंद्र मेहता ने कहा कि भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा नशा, मांसाहार व चरित्रहीनता से मुक्त कराने एवं मानवीय कर्तव्यों का बोध कराने के लिए माता भगवती की भक्ति रूपी दीप प्रज्वलित करके खुश, शांति व समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया गया है। उन्होंने कहा कि हमें युवाओं को नशा से बचाव को लेकर जागरूक करना चाहिए। जो लोग नशा का व्यापार कर रहे हैं वह मानवता के दुश्मन हैं। मौके पर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किताब सिंह ने कहा कि इसी क्रम में हर महीने की तरह ब्लॉक स्तर पर महाआरती का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि माँ जगत जननी जगदंबा दुर्गा जी की महाआरती का साधना क्रम बडी भव्यता के साथ सम्पन्न किया गया। उन्होंने कहा कि गुरुवर ने जो लक्ष्य बताया है, धर्मरक्षा, राष्ट्ररक्षा और मानवता की सेवा इन तीनों पथों पर आप सभी आगे बढ़ें। अपने बच्चों को भी आगे बढ़ाएं। अपने बच्चों को बचपन से ही धर्माचरण सिखाएं, नशा, मांसाहार मुक्त व चरित्रवान जीवन जीना सिखाएं।

मां दुर्गा की साधना सबसे सरल-सुगम है। मां ही इस ब्रहमाण्ड की सर्वोच्च सत्ता हैं। जिला अध्यक्ष दीवान चंद ने आए हुआ मां भक्तों का आभार व्यक्त किया।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर बीरबल, सतीश, बलवंत, राजेश, सत प्रकाश, बलबीर, बल देवी, इंदु बाला, बलजीत, नैबो देवी, नरेंद्र, विनोद करनैल आदि मौजूद रहे।

## घर में घुसकर युवक पर गंडासी व डंडों से हमला, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**यमुनानगर ।** सरस्वती नगर में दो युवकों ने अपने साथियों के साथ मिलकर ललित कुमार पर गंडासी व डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल ललित कुमार का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी दो युवकों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने दो आरोपी युवकों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज

जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर निवासी ललित कुमार ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले पारस व सुमित के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसके बाद से आरोपी उसे रंजिश रखे हुए थे। ललित कुमार ने बताया कि 20 दिसंबर को शाम पौने पांच बजे वह अपने घर पर मौजूद था। इस दौरान पारस व सुमित अपने अन्य साथियों के साथ उसके घर में घुस गया। आरोपियों ने आते ही उस पर गंडासी व डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट की आवाज सुनकर जब परिवार व पड़ोस के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पारस व सुमित को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**जागरुकता** ऊर्जा संरक्षण करने व बढ़ते बिजली बिलों से छुटकारा पाने के लिए पहल

## पीएम सूर्य घर योजना का लाभ उठा बिजली बिल जीरो करें नागरिक : प्रीति

सोलर सिस्टम के लिए केंद्र और हरियाणा सरकार दे रही सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



■ 22 करोड़ रुपये की सब्सिडी सीधे खातों में भेजी

ऊर्जा संरक्षण करने व बढ़ते बिजली बिलों से छुटकारा पाने के लिए नागरिकों के लिए पीएम सूर्य घर योजना काफी लाभदायक है। इस योजना पर केंद्र और हरियाणा सरकार द्वारा सब्सिडी दी जा रही है। जिसके चलते पैनल लगवाना आम लोगों के लिए लगभग मुफ्त जैसा हो गया है। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जिले में अब तक 3204 उपभोक्ता योजना का लाभ उठाकर अपने घरों पर सोलर सिस्टम लगवा चुके हैं। केंद्र सरकार की ओर से लाभार्थियों को अलग अलग क्षमता के अनुसार करीब 22 करोड़ रुपये की सब्सिडी सीधे खातों में भेजी जा चुकी है। वहीं, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने भी 295 उपभोक्ताओं को लगभग 1.46 करोड़ रुपये का अतिरिक्त अनुदान दिया है। बिजली विभाग ने 31 मार्च 2026 तक जिले में 6224 घरों पर सोलर सिस्टम लगाने का लक्ष्य तय किया है। योजना का लाभ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला में इस योजना का लाभ उठाने वाले 486 उपभोक्ताओं के बिजली के बिल शून्य हो गए हैं। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि अंत्योदय परिवार (सालाना आय 1.80 लाख से कम खपत 2400 यूनिट तक) 2 किलोवाट पर केंद्र से 60 हजार और राज्य सरकार से 50 हजार रुपये, कुल 1.10 लाख रुपये, सालाना आय 3 लाख तक (खपत 2400 यूनिट तक) 2 किलोवाट पर केंद्र से 60 हजार और राज्य से 20 हजार रुपये, कुल 80 हजार रुपये, सालाना आय 3 लाख से अधिक 1 किलोवाट पर 30 हजार, 2 किलोवाट पर 60 हजार और 3 किलोवाट पर 78 हजार तक केंद्र की सब्सिडी तय की गई है।

### स्वच्छ ऊर्जा को मिलेगा बढ़ावा

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत देने के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम है। इससे प्रदूषण कम होगा और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि पात्र लाभार्थियों को समय पर सब्सिडी मिले। अधिक से अधिक नागरिक इस हरित पहल से जुड़ें। उन्होंने बताया कि इच्छुक उपभोक्ता ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कोई दिक्कत होने पर नजदीकी उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपमंडल अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

### ऋण की सुविधा

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जो उपभोक्ता शुरूआती निवेश नहीं कर सकते हैं। उनके लिए सरकारी बैंकों के माध्यम से बिना गारंटी और कम ब्याज दर पर लोन की सुविधा उपलब्ध है। दो किलोवाट का सोलर सिस्टम प्रतिदिन 8 से 10 यूनिट बिजली पैदा करता है। जिससे महीने में करीब 300 यूनिट बिजली मिल जाती है।

## संजय गांधी स्कूल में छठी कक्षा ने जीती खो-खो प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर




संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरनौल में चल रही खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कक्षा पांचवी से 8वीं तक के बच्चों खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल की प्रिंसिपल सोनिया चानना ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा की टीम ने जीत हासिल की। वहीं, छठी कक्षा की टीम नें खो-खो प्रतियगिता जीतने में सफलता प्राप्त की। स्कूल प्रिंसिपल सोनिया चानना ने विजेता खिलाड़ियों व टीमों को बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन चौधरी रणधीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों समेत अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा आदि बुराइयों से दूर रहकर अपनी पढ़ाई में मन लगाना चाहिए और स्कूल में समय समय पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग अवश्य लेना चाहिए। इस अवसर पर सुरेश चानना, मोहित बालियान, शरणप्रीत कौर, नवदीप सिंह बराड़, मनदीप, हरप्रीत कौर मौजूद रही।



## खबर संक्षेप



### जरूरतमंद की सहायता सबसे बड़ी सेवा : चौधरी

**कुरुक्षेत्र।** हम फाऊंडेशन सामाजिक संस्था के अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता करना सबसे बड़ी सेवा है। हमें अपनी आय का एक हिस्सा जरूरतमंद भाई बहनों के सहयोग के लिए खर्च करना चाहिए। आज हम फाऊंडेशन संस्था द्वारा घराडसी के ईंट भट्टे पर काम करने वाले मजदूरों व उनके बच्चों को कम्बल व जसीर्यां वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने समाज से सर्दी के मौसम में अपने आप पास रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को गर्म कपड़े देने का आह्वान किया। संस्था हर सप्ताह विभिन्न जगहों पर रह रहे लोगों को गर्म कपड़े देने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर राजीव शर्मा, दिलावर सगवाल, दीपक डोगरा, सतबीर सिंह व विकास शर्मा आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### 210 बच्चों को जर्सियों का किया वितरण



**पिहोवा।** गांव अरुणाय में भारतीय शिक्षा समिति के तत्वाधान में श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी की ओर से संचालित बाबा श्रवणनाथ प्राथमिक स्कूल के बच्चों में जर्सियां वितरित की गई। जर्सियां वितरण का खर्च शिव भजन मंडल गुमथलागढ़ू की ओर से सुभाष गुप्ता और एक्सिस बैंक सरस्वती खेड़ा के ब्रांच मैनेजर संजीव गर्ग की ओर दिया गया। कार्यक्रम में संगमेश्वर महादेव मंदिर के व्यवस्थापक एवं सचिव महंत विश्वनाथ गिरी ने बतौर मुख्यातिथि हिस्सा लिया। भूषण गौतम ने बताया कि 210 बच्चों में जर्सियां वितरित की गई।

### रामचंद्र कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ



**कुरुक्षेत्र।** थानेसर नगर परिषद के वार्ड नंबर 30 रामचंद्र कॉलोनी में आईपीबी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह सड़क श्री सुभाष ठुकराल के मकान से होते हुए श्री राजकुमार तथा श्री रॉकी के मकान तक बनाई जाएगी। इस निर्माण कार्य पर कुल 9.49 लाख रुपये की लागत आएगी। इस विकास कार्य का उद्घाटन हरियाणा सरकार के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता रही है और इस प्रकार के विकास कार्यों से आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी।

### कार्यकर्ताओं ने 'बापू तेरा नाम रहेगा' के नारे लगाते हुए जताया विरोध

# मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध मे कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

### मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

कुरुक्षेत्र कांग्रेस कार्यालय में रविवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेवा सिंह की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के द्वारा मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने को लेकर कांग्रेस भवन से अग्रसेन चौंक तक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जब तक सूरज चांद रहेगा बापू तेरा नाम रहेगा के नारे लगाते हुए सड़को पर निकले। इस दौरान भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं को थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, शाहाबाद विधायक रामकरण काला, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, पूर्व विधायक अनिल धंतौड़ी के द्वारा संबोधित किया गया सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार के द्वारा मनरेगा का नाम बदला जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर इस योजना का संचालन किया जा रहा था जिसका नाम हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है केंद्र सरकार के द्वारा रोजगार गारंटी शब्द को भी हटाया गया है इस योजना से करोड़ों लोगों को रोजगार मिलता था जो अब नहीं मिल पाएगा। मेवा सिंह ने कहा कि मनरेगा का मकसद ग्रामीण गरीबों को काम देने का अधिकार सुनिश्चित करता है। इसके तहत गांवों में रहने वाले लोगों को साल में कम से कम 100 दिन की दिहाड़ी आधारित मजदूरी वाला काम देना अनिवार्य है। ओर यह योजना उन लोगों के लिए जो दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि पहले यह तय करने का अधिकार ग्रामीण मजदूरों के हाथ में था कि किस गांव में काम होगा लेकिन अब यह फैसला केंद्र सरकार तय करेगी।

#### महात्मा गांधी सामाजिक न्याय के प्रतीक

मेवा सिंह ने कहा कि मनरेगा में जहां पहले केंद्र सरकार 90 प्रतिशत फंड देती थी, वही अब सिर्फ 60 प्रतिशत राशि भी चुनिंदा क्षेत्रों में दी जाएगी। ओर मनरेगा से मिलने वाला रोजगार अपने आप समाप्त हो जाएगा। थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि भाजपा छोटी मानसिकता है पूरी दुनिया महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चल रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार केवल योजनाओं और कानून के नाम बदल रही है जिससे इनकी छोटी मानसिकता सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश के महापुरुषों को भुलाने की कवायद में लगी हुई है लेकिन सच कभी खत्म नहीं होता। शाहाबाद विधायक रामकरण काला ने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना एक सोची समझी साजिश है महात्मा गांधी श्रम की गरिमा और सामाजिक न्याय के प्रतीक रहे हैं। पूर्व सांसद कैलाशो सैनी ने कहा कि मनरेगा जन आंदोलन से निकला कानून है जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी दी है। पूर्व विधायक अनिल धंतौड़ी ने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना सोची समझी साजिश है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर जिला अध्यक्ष मेवा सिंह, थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, शाहाबाद विधायक रामकरण काला, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, पूर्व विधायक अनिल धतोडी, युवा जिलाध्यक्ष कुलदीप, राय साहब शर्मा, मेहर सिंह रामगढ़, बिमला सरोहा, सुनील राणा, जिला परिषद सदस्य सुरेश, सुभाष चौहान, राजपाल, विवेक डब्बू, राहुल बारना जयपाल पांचाल, सुरेंद्र सैनी, वीरेंद्र रोहिला, संजीव भूखड़ी, प्रवीण सिंगला, मनीष कुमार, दीपक पाराशर, पंकज, जगत सैनी, अशोक शर्मा, चंद्रभान, सुभाष अमीन, हंसराज, उदय राम, पवन चौधरी, सुशील मोरथला, कुलदीप सिंहपुरा, आर के नैन, प्रिंस बाबैन, जागीर सिंह, ओम प्रकाश,तरसेम हरियापुर, रामगोपाल, मनोज कुमार, वेद प्रकाश पोपली, श्याम लाल, सतबीर सिंह, बलबीर सिंह, मामचंद, जाफर खान, के इलावा सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सांसद खेल महोत्सव : शाहबाद के हॉकी ग्राउंड में 18 टीमों ने दिखाया दमखम

## हॉकी में मदनपुर व पुण्डरी ए सेमीफाइनल में पहुंची



हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के तीसरे चरण के अंतर्गत लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिताओं में आज शाहाबाद के हॉकी ग्राउंड में पुरुष वर्ग की हॉकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन मुकाबलों का शुभारंभ समाजसेवी मास्टर सुभाष कलसाना ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं उनका उत्साहवर्धन करते हुए किया। इस हॉकी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की कुल 18 टीमों ने भाग लिया। दिनभर चले मुकाबलों में कुल 9 रोमांचक मैच खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। कड़े मुकाबलों के बाद मदनपुर और पुण्डरी (ए) की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

#### खेल युवाओं के विकास का सशक्त माध्यम

*इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मास्टर सुभाष कलसाना ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से सांसद खेल महोत्सव को भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है और युवा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर खेलों से जुड़ते हैं। इस अवसर पर सुपार्सव जैन मंडल अध्यक्ष सुदर्शन कक्कड़, पूर्व चेयरमैन नगर पालिका बलदेव राज चावला, पूर्व चेयरमैन नगरपालिका तिलक राज अग्रवाल, मुलखराज गुंबर, अमृत गुप्ता, महामंत्री मंदीप सिंह, कोच गुरबाज सिंह, कोच सोहन लाल, विनोद हबाना, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।*

## सेवा संकल्प दिवस समारोह को लेकर चर्चा

- शक्तिपीठ में विशेष बैठक का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



नव वर्ष से पूर्व अंतिम शनिवार 27 दिसंबर को हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर, कुरुक्षेत्र में नववर्ष अभिनंदन समारोह एवं सेवा संकल्प दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा । इसी उपलक्ष्य में आज माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में विशेष मीटिंग का आयोजन किया गया । पीठाध्यक्ष पं सतपाल शर्मा ने बताया कि इस पावन मौके पर शक्तिपीठ के अन्नपूर्णा भवन में प्रातः 11 बजे हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। पीठाध्यक्ष ने आगे बताते हुए कहा की इस दिन विशेष रूप से भव्य कुंड विधि-विधान से तैयार किया जाएगा । इस हवन में हजारों की संख्या में पूरे हरियाणा से माँ भद्रकाली जी के सेवक और सेविकाऐं आहूति डालने के लिए एकत्रित होंगे व आने वाले नव वर्ष में और भी अधिक तन, मन और धन से, संपूर्ण निष्ठा से माँ भगवती भद्रकाली की सेवा करने का संकल्प लेंगे । हवन के दौरान मंदिर प्रांगण में मौजूद सभी भक्तों को आहुति डालने का अवसर मिलेगा। शक्तिपीठ परिसर में लाल ध्वज , पुष्प , विशेष रंगोलियां व गुब्बारों से सजावट की जाएगी। सुबह 10 बजे माँ भद्रकाली संकीर्तन मंडल द्वारा भजन कीर्तन किया जाएगा ।

## लायंस क्लब पिहोवा रॉयल दूसरी बार बना चैंपियन

- अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल स्थित स्वर्गीय बलदेव काहड़ा खेल स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रोटरी क्लब पिहोवा और लायंस क्लब पिहोवा रॉयल के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मैच में लायंस क्लब रॉयल पिहोवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम की। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी रहे, जबकि विशेष अतिथियों में नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, राष्ट्रीय उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री विकास गर्ग, भाजपा जिला महामंत्री अर्जुन त्यागी, महिला मंडल अध्यक्ष गीता शर्मा, अनाज मंडी उप प्रधान चंद्रगुप्त मंगला, हरिओम अग्रवाल, डॉ सुदर्शन चुघ, एसडी मुरार, लाड़ी पाल, डॉ. राजेंद्र मंगला, जगदीश तनेजा, नरेश शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। दोनों क्लबों की ओर से अतिथियों का जोरदार स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

#### संदीप गर्ग बना मैन आफ द मैच

रोटरी किंग के कप्तान डॉ. अमित अरोड़ा और लायन क्लब पिहोवा रॉयल के कप्तान सौरभ गुलाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि 14-14 ओवर के इस मुकाबले में टॉस जीतकर रोटरी क्लब के कप्तान डॉ. अमित अरोड़ा ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। लायंस क्लब रॉयल पिहोवा की ओर से संदीप गर्ग ने भी अच्छा प्रदर्शन किया जिसको लेकर उन्हें मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। मैच आखिरी ओवर तक पहुंचा, जहां लायंस क्लब रॉयल के मंगलम ने निर्णायक शॉट लगाकर टीम को जीत दिलाई।

### सनातन धर्म का वैज्ञानिक स्वरूप ध्यान और योग पर खड़ा : सिद्धार्थ औलिया

**कुरुक्षेत्र।** समर्थगुरू धाम मुरथल में भारत के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों साधकों ने चरैवेति कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति से आदरणीय समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जी के सान्निध्य में श्रद्धा पूर्वक किया। 15 दिसंबर से 20 दिसंबर 2025 तक यह कार्यक्रम हुआ।



केन्द्रीय संयोजक आचार्य दर्शन जी , आचार्य चेतन जी, आचार्य गोपाल जी ने साधकों को ध्यान और योग के साथ आध्यात्मिक यात्रा के गूढ़ रहस्य उजागर किए। समर्थगुरु धाम मुरथल,हरियाणा के मुख्य संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जी ने संत संगोष्ठी में साधकों को आत्मा के 12 भाव और परमात्मा के 12 मुख्य नियम पर चर्चा हुई। गोविन्द से प्रेम होना बहुत जरूरी है। संसार में जीने के लिए मुख्य स्वीकार भाव है। प्रतिकूल से राजी हो जाने की कला किसी भी शास्त्र में नहीं बताई गई है। समर्थगुरु धारा ने खोजा कि प्रतिकूलता के प्रति जागे। यह भी प्रतिकूल हुआ। स्वीकार भाव बढ़ाने से क्रोध से मुक्ति हो सकती है। विश्व योग दिवस पर समर्थगुरू जी ने ट्विटर के माध्यम से सन्देश दिया कि अध्यात्म,जिसकी नींव पर सनातन धर्म खड़ा है, उस अध्यात्म को अब लोक संस्कृति का हिस्सा बनाना है।

## बैंकिंग परिवर्तनों को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- पी.एन.बी. रिटायरी ऑफिसर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन

पी.एन.बी. रिटायरी ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा अपनी मासिक बैठक का आयोजन कुरुक्षेत्र स्थित होटल हैरिटेज में किया गया। बैठक के प्रारंभ में एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य जे.बी. बंसल ने उपस्थित सभी सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा बैठक के कन्वीनर कॉमरेड हाकम चौधरी से एजेंडा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करने का अनुरोध किया। इसके पश्चात कॉमरेड हाकम चौधरी द्वारा एजेंडा-वाइज बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में हो रहे निरंतर परिवर्तनों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट में 0.25% की कटौती की गई है, जिसका सीधा प्रभाव बैंक जमा दरों एवं ऋण दरों पर पड़ेगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आरबीआई के निर्देशानुसार अब सभी कमर्शियल बैंक बचत खातों में एक लाख रुपये तक की जमा राशि पर समान ब्याज दर देंगे, जबकि एक लाख रुपये से अधिक की राशि पर बैंक अलग-अलग ब्याज दर निर्धारित कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि अब बैंक ग्राहकों की ऋण सीमा अपनी मर्जी से नहीं बढ़ा सकेंगे। उन्होंने बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी अज्ञात नंबर से आने वाली कॉल, ई-मेल या संदेशों पर प्रतिक्रिया न दें, क्योंकि साइबर अपराधी ऐसे तरीकों से आर्थिक नुकसान पहुँचा सकते हैं। बैठक के दौरान कॉमरेड राय सिंह ने भी अपने विचार रखे। उपस्थित सभी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने-अपने विचार एवं सुझाव विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किए। बैठक अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि




### गीता जीवन का आधार, ध्यान-साधना भारत का गौरव : स्वामी ज्ञानानंद महाराज

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि गीता जीवन का आधार है और ध्यान-साधना भारतीय संस्कृति का गौरव है। भगवान श्रीकृष्ण ने विश्व को गीता का संदेश दिया था और भारतीय ऋषि-मुनियों ने विश्व को योग, साधना और समाधि के जरिय ध्यान एकाग्र और शांति का संदेश दिया। यूनेस्को ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया है और 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दी है। गीता मनीषी रविवार को जीओ गीता संस्थानम में गीता अध्ययन एवं शोध केंद्र के तत्वाधान में आयोजित गीता प्रवाह संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बतौर मुख्यातिथि के तौर पर शिकरत की, जबकि एनआईटी के निदेशक प्रोफेसर बीवी रमण रेड्डी और आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति वैद्य करतार धीमान प्रमुख तौर पर मौजूद रहे। जीओ गीता सचिव एवं संगोष्ठी संयोजक मदन मोहन छाबड़ा ने अतिथियों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से गीता प्रवाह संगोष्ठी की शुरूआत की गई है। महीने के अंतिम शनिवार को गीता प्रवाह संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।



**कुरुक्षेत्र।** रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

### लिटिल मिलेनियम स्कूल में साहबजादों की शहादत की स्मृति में लगाया रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम स्कूल, सेक्टर 3, कुरुक्षेत्र में शहादत-ए-सफर पखवाड़े के अंतर्गत साहबजादों की महान शहादत की स्मृति में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, सेक्टर 30 कुरुक्षेत्र, स्टार रक्तदाता अशोक वर्मा एवं लिटिल मिलेनियम स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त केवल मानव शरीर में ही बनता है और इसके माध्यम से अनेक जिंदगियों को बचाया जा सकता है। समाज को नकारात्मक गतिविधियों से दूर रहकर ऐसे सेवा कार्यों में आगे आना चाहिए। उन्होंने साहबजादों की शहादत को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। विशिष्ट अतिथि रेडक्रास कुरुक्षेत्र के सचिव श्याम सुंदर, नगर परिषद पार्षद दुष्यंत बक्शी एवं पंकज खन्ना ने कहा कि रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है और समाज को नियमित रूप से ऐसे शिविरों का आयोजन करना चाहिए। सर्वोत्तम माध्यम है। रक्तदाताओं के स्वास्थ्य एवं सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया तथा उन्हें प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुरेश कुमार पूर्व सरपंच सिरसमा, पूर्व सरपंच सुरजीत सिंह रतगल, भारतेंदु हरीश प्रधान, मानव मित्र मंडल डॉ तरसेम कौशिक महासचिव हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन, राजेश सैनी, अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** | गुरुकुल में श्रद्धा से मनाया स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस

### मुख्य अतिथि डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार का स्मृति-चिन्ह देकर अभिनन्दन किया

# श्रद्धानन्द ने शुद्धि आंदोलन चलाकर छुआछूत ऊंच-नीच के भेदभाव को दूर किया : डॉ. राजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

स्वामी श्रद्धानन्द ने शुद्धि आंदोलन चलाकर न केवल जात-पात और ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाया अपितु समाज के दबे कुचले लोगों को भी मुख्यधारा से जोड़कर देश में नवजागरण का सूत्रपात किया। उक्त शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए विख्यात वैदिक विद्वान डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने कहे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने भविष्य को उज्जवल और जीवन को सार्थक बनाने के लिए स्वामी श्रद्धानन्द जी जीवनी कल्याण मार्ग का पथिक और महात्मा गांधी की पुस्तक सत्य के साथ मेरे प्रयोग अवश्य पढ़नी चाहिए। निश्चित ही इन पुस्तकों के अध्ययन से छात्रों के मन-मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव पड़ेगा और जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण परिवर्तित होगा। महान विचारक स्वामी श्रद्धानन्द के जीवन पर उन्होंने कहा कि भारतीय एकता को जब इस्लाम ने तोड़ने का प्रयास किया तो स्वामी श्रद्धानन्द ने पंडित लेखराम के साथ मिलकर इसे विफल करने में अहम भूमिका निभायी। इस अवसर पर गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप एवं व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने मुख्य अतिथि डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार का स्मृति-चिन्ह देकर अभिनन्दन भी किया।



#### समाज में शिक्षा की नई क्रांति को जन्म दिया

स्त्री शिक्षा और वैदिक गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति के प्रबल पक्षधर स्वामी श्रद्धानन्द जी ने गुरुकुल कांगडी, गुरुकुल सूपा, गुजरात और गुरुकुल कुरुक्षेत्र जैसे संस्थाओं की नींव रखी और समाज में शिक्षा की नई क्रांति को जन्म दिया, उन्हीं की प्रेरणा से गुरुकुल कुरुक्षेत्र आज देश में संस्कारों के साथ आधुनिक, तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाला अग्रणी संस्थान है। वर्तमान में विशेषकर हरियाणा, पंजाब में हो रहे कन्वर्जन पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह हम सभी अभिभावकों के लिए बड़ा कठिन दौर है, हमारे बच्चों को वैदिक संस्कृति और संस्कारों से दूर किया जा रहा है जो युवाओं के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द जी के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें कन्वर्जनरूपी एक बीमारी को रोकना होगा, नहीं तो स्थिति केरल, कश्मीर जैसी हो जाएगी।

#### छात्रों ने दी सुंदर प्रस्तुतियां

*निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरुकुल में छात्रों की केरियर संबंधी शंकाओं के समाधान हेतु एक विख्यात एजेंसी से टाइअप किया है जिससे आठवीं कक्षा से ही छात्र को काउंसलिंग के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि उसे किस क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना है, तभी से उसकी तैयारी भी आरम्भ हो जाएगी। गुरुकुल का यह कदम छात्रों के भावी जीवन में अहम भूमिका अदा करेगा। साथ ही उन्होंने एनडीए, आईआईटी, नीट के परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि गुरुकुल कैम्पस में उनके बच्चे और उनका भविष्य पूर्णरूप से सुरक्षित है। इससे पूर्व गुरुकुल के छात्रों ने संस्कृत, हिन्दी तथा अंग्रेजी भाषाओं में भाषण के माध्यम से स्वामी श्रद्धानन्द के जीवन पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कृष्ण की चेतावनी श्रीकृष्ण-अर्जन संवाद और अमरदीप स्वामी श्रद्धानन्द कोरियोग्राफी के माध्यम से छात्रों ने बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति दीं जिन पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गुंजायमान कर दिया। शांतिपाठ के साथ समारोह सम्पन्न हुआ।*

## खबर संक्षेप

### फसलों का करवाएं पंजीकरण

**अंबाला।** उपनिदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग जसविंद्र सैनी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान सीजन रबी 2025-26 फसल पंजीकरण हेतु मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल खोल दिया है। सभी किसान अपनी फसलों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अवश्य करवाएं ताकि किसानों को खाद (यूरिया व डीएपी) लेने में व मंडियों में फसल बेचते समय किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

### हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी श्याम लाल को गिरफ्तार किया है। इस मामलें में पहले गिरफ्तार आरोपी अनिल कुमार ने पूछताछ में बताया था कि श्याम लाल भी इस मामले में संलिप्त है। पीड़ित महिला ने 11 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 सितंबर 2025 को सिंह ढाबा में आरोपी अनिल कुमार व अन्य ने उसके पति से लड़ाई झगड़ा करते हुए डंडे, लोहे की रॉड व ईंटों से हमला कर उसके पति की हत्या कर दी थी। । इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी तोयब को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी खालिद, मासूम उर्फ छोटा व महिला ने बताया था कि तोयब भी इस मामले में संलिप्त है। अब तक इस मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 1 नवंबर 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव मलिकपुर में आरोपियों ने पेड़ काटने का आपराधिक कार्य किया है। पुलिस ने आरोपी खालिद, मासूम उर्फ छोटा को व 12 नवंबर 2025 को आरोपी महिला को गिरफ्तार किया था।

### धमकी देने के आरोप में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज लाठी डंडों व तेज हथियार से हमला करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी अमीर को गिरफ्तार किया है। सादिकपुर के विकास कुमार ने 8 दिसंबर 2025 शिकायत दर्ज करवाई थी कि कालाअंब में आरोपी अमीर व अन्य ने उस पर लाठी डंडों व तेज हथियार से हमला करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी मामले में आरोपी को दबोचा

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी कप्तान उर्फ ताना को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया है। मेतला के राजकुमार ने 12 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 मार्च 2023 से 23 जुलाई 2023 के दौरान आरोपी कप्तान सिंह उर्फ ताना व अन्य ने उसके पुत्र शंटी को विदेश भेजने के मामले में उससे 30 लाख रूपये हड़पने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### सालाना कीर्तन दरबार का हुआ आयोजन

**अंबाला।** अंबाला छावनी की माता गुजर कौर जी लंगर कमेटी, रामपुर मोड़ की तरफ से रविवार को गुरुद्वारा गोबिंद नगर में सालाना महान कीर्तन समागम का आयोजन करवाया गया। यह समागम धन-धन साहिबजादा अजीत सिंह , बाबा जुझार सिंह , बाबा जोरावर सिंह , बाबा फतेह सिंह और धन माता गुजर कौर की शहादत को समर्पित रहा। समागम सुबह 10 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज की छत्र-छाया में गुरु चरणों में अरदास उपरांत आरंभ हुआ और शाम लगभग पांच बजे समागम की समाप्ति की गई। इस मौके पर संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर बांटा गया। समागम में पंथ प्रसिद्ध कथा-कीर्तनी जत्थों सहित ढाडी सिंहों ने शहीदी गाथा सुनाकर निहाल किया।

---

कोर्ट से सड़क तक लड़ाई लड़ने का ऐलान

# नगर निगम चुनावः वार्डबंदी की आपत्तियों पर हुई सुनवाई पर ऐतराज, कांग्रेसी सदस्य बोले अफसरों ने लोकतंत्र का गला घोंटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

नगर निगम चुनाव के लिए की गई वार्डबंदी पर आई आपत्तियों की सुनवाई पर कांग्रेस सदस्यों ने कड़ा ऐतराज जताया है। कांग्रेस सदस्यों ने आरोप लगाया कि सुनवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारी पहले से ही निर्णय लेकर आए थे। आपत्तियों को न तो गंभीरता से सुना गया और न उन पर कोई तर्कसंगत चर्चा की गई। पूरी प्रक्रिया से यह स्पष्ट प्रतीत हुआ कि अधिकारी भाजपा के दबाव में कार्य कर रहे हैं। इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर किया जा रहा है। कांग्रेसी सदस्यों का कहना है कि इस प्रकार की जनविरोधी और अव्यवहारिक वार्डबंदी से महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांग और आम नागरिकों की सुरक्षा व सुविधा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। रेलवे लाइन के आर-पार बनाए गए वार्ड, जलभराव वाले अंडरब्रिज और अत्यधिक लंबे वार्ड न केवल प्रशासनिक दृष्टि से गलत हैं बल्कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों का भी उल्लंघन करते हैं। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि इस पक्षपातपूर्ण वार्ड परिसीमन को जल्द संशोधित नहीं किया गया और जनता की वास्तविक समस्याओं को नजरअंदाज किया गया तो वे इस मामले को कानूनी मंचों पर मजबूती से उठाएगी।

## तीन कांग्रेस सदस्यों ने सौंपी थी आपत्तियां, बिना सुनवाई के सभी आपत्तियां खारिज करने का आरोप

### 18 को सौंपी थी आपत्तियां

नगर निगम चुनाव को लेकर जारी की गई वार्ड परिसीमन (वार्ड बंदी) अधिसूचना के संबंध में कांग्रेस पार्टी की ओर से बीते 18 दिसंबर को उपायुक्त को आपत्तियां एवं सुझाव सौंपे गए थे। उक्त आपत्तियों की सुनवाई के लिए 19 दिसंबर रात को कांग्रेस सदस्यों को सुनवाई के लिए नोटिस दिए गए थे। उपायुक्त कार्यालय में कांग्रेस सदस्यों को बुलाया गया लेकिन यह सुनवाई मात्र औपचारिकता बनकर रह गई।

### न सुनवाई की न सुझावों पर अमल



वार्ड नंबर 9 से कांग्रेसी सदस्य मेघा गोयल ने कहा कि आपत्तियों पर अधिकारियों ने सुनवाई की औपचारिकता पूरी की। किसी भी अधिकारी ने उनके सुझाव पर अमल तक नहीं किया। किसी भी सदस्य को उनकी आपत्ति पर हुई कार्रवाई की जानकारी तक नहीं दी गई। यह सब भाजपा सरकार के इशारे पर चल रहा है।

### कोर्ट व सड़क पर करेंगे संघर्ष



वार्ड नंबर 10 से कांग्रेसी सदस्य एडवोकेट मिथुन वर्मा ने बताया कि उपायुक्त कार्यालय में हुई आपत्तियों पर सुनवाई लोकतंत्र के नाम पर मजाक थी। अधिकारी जनता की बात सुनने नहीं बल्कि भाजपा के इशारे पर पहले से तय फैसले को औपचारिक रूप से लागू करने आए थे। यह साफ दिखाई दे रहा था कि प्रशासन पर राजनीतिक दबाव है। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइन को वार्डों के बीच में डालकर जनता को अपने ही सदस्य तक पहुंचने के लिए अंडरब्रिज, ओवरब्रिज और रेलवे ट्रैक पार करने को मजबूर किया जा रहा है। बारिश में जब अंडरब्रिज में 10 फुट तक पानी भर जाता है तब तीन महीनों तक आवागमन पूरी तरह बंद हो जाता है। वर्मा ने कहा कि यह वार्डबंदी संविधान के अनुच्छेद-14 के विरुद्ध है। जरूरत पड़ी तो वह कोर्ट और सड़कों दोनों पर संघर्ष करेंगे।

### तीन लोगों की सुरक्षा को किया नजरअंदाज



वार्ड नंबर 11 से कांग्रेसी सदस्य राजिंद्र कौर ने कहा कि उनक आपत्तियों पर सुनवाई से यह स्पष्ट हो गया कि प्रशासन जनता की सुविधा नहीं बल्कि सत्ता पक्ष की सुविधा देख रहा है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। ऐसी वार्ड बंदी लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है। भाजपा केवल अपने राजनीतिक फायदे के बारे में सोच रही है। आम जनता को परेशान करना और उनकी आवाज दबाना इनकी नीति बन चुकी है। कांग्रेस इस अन्याय को कभी स्वीकार नहीं करेगी और जनता के हक के लिए हर स्तर पर लड़ेगी।

---

## जनहितकारी योजना को कमजोर करने के प्रयास करने का आरोप

# मनरेगा योजना का नाम बदलने पर बिफरी कांग्रेस

**सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ निकाला रोष मार्च**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से रविवार को भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एक शांतिपूर्ण पैदल मार्च एवं लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शन भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के नाम परिवर्तन तथा इस ऐतिहासिक एवं जनहितकारी योजना को कमजोर करने के प्रयासों के विरोध में आयोजित किया गया। यह पैदल मार्च कांग्रेस भवन अंबाला शहर से अग्रसेन चौक तक निकाला गया जिसमें कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रदर्शन का उद्देश्य महात्मा गांधी के विचारों, ग्रामीण गरीबों के रोजगार के अधिकारों एवं संविधान की मूल भावना की रक्षा करना था। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा देश के करोड़ों गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों के लिए जीवन रेखा है। भाजपा सरकार द्वारा इसके नाम और स्वरूप से छेड़छाड़ कर इसे कमजोर करने का प्रयास निंदनीय है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी सूरत में जी बर्दाश्त नहीं करेगी। अंबाला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि मनरेगा महज एक योजना नहीं, बल्कि गरीबों के आत्मसम्मान और रोजगार का संवैधानिक अधिकार है। भाजपा सरकार गांधी जी के नाम और उनके विचारों से चिढ़ रखती है, इसी कारण वह इस योजना के नाम परिवर्तन और बजट कटौती जैसे कदम उठा रही है। कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक इस अन्याय के खिलाफ संघर्ष करती रहेगी।

पार्टी के ग्रामीण अध्यक्ष दुष्यंत चौहान ने कहा कि ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था मनरेगा पर काफी हद तक निर्भर है। भाजपा सरकार जानबूझकर इस योजना को कमजोर कर ग्रामीण गरीबों को मजबूरी और बेरोजगारी की ओर धकेल रही है। कांग्रेस पार्टी ग्रामीण जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर आंदोलन करेगी।

**पैदल मार्च कांग्रेस भवन अंबाला शहर से अग्रसेन चौक तक निकाला गया**




**अंबाला।** भाजपा सरकार के खिलाफ पैदल मार्च निकालते कांग्रेसी।

### ये रहे मौजूद

मौके पर ईशू गोयल, बलजिंद्र घेल, एडवोकेट देविंद्र मान, अशोक सोनी, एडवोकेट रघुबीर सिंह, रविंदर प्रजापति, गौरव कुकरेजा, अभय भटनागर, कमल बाछल, रॉबिन खोड़ा, प्रदीप वर्मा, सुरिंदर छिंदा, गुरदयाल, नरेंद्र कुमार, किरण राणा, ललित सैनी, नवीन शर्मा, इमरान, नूरी वर्मा, वेद प्रकाश, राजपाल शर्मा, विपिन गर्ग समेत कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### आंदोलन को तेज करने की चेतावनी

निगम सदस्य मिथुन वर्मा एडवोकेट, नवीन गुप्ता एवं विनोद धीमन ने कहा कि "मनरेगा योजना को कमजोर करना सीधे-सीधे गरीब, मजदूर और वंचित वर्ग पर हमला है। भाजपा सरकार महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी हर योजना को समाप्त या कमजोर करना चाहती है, जो उसकी नकारात्मक और विभाजनकारी सोच को दर्शाता है। कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ मजबूती से खड़ी है और जनता की आवाज को बुलंद करती रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि यदि भाजपा सरकार ने मनरेगा को कमजोर करने के प्रयास बंद नहीं किए, तो कांग्रेस पार्टी आने वाले समय में आंदोलन को और भी तेज करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संघर्ष केवल एक योजना के नाम का नहीं, बल्कि गरीबों के अधिकार, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संघर्ष है।

---

# कोहरे का रेल यातायात पर बुरा असर वंदे भारत ट्रेन पांच घंटे देरी से पहुंची

- रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ी परेशानी, ठंड में ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



कोहरे का असर रेल यातायात को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है। इसकी वजह से ट्रेनों की गति धीमी हो गई। अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर रविवार को कोहरे के कारण 22 ट्रेनें देरी से पहुंची जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे के कारण ट्रेनों का संचालन लगातार प्रभावित हो रहा है। यात्री स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार कर रहे हैं तो वहीं विशेष ट्रेनों सहित वंदे भारत व मेल एक्सप्रेस की रफ्तार बिगड़ रही है। ट्रेनों की जानकारी लेने के लिए यात्रियों को पूछताछ केंद्र पर दौड़ लगानी पड़ रही है, बावजूद इसके उन्हें ट्रेन के स्टेशन पर आने की पुख्ता जानकारी नहीं मिल रही, सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है कि ट्रेन जल्द आ जाएगी। रविवार को भी कोहरे के कारण कैंट रेलवे स्टेशन पर आने वाली 22 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। इस दौरान विशेष ट्रेन छह घंटे की देरी से गंतव्य स्टेशन पर पहुंची तो वहीं नई दिल्ली से कटरा के बीच संचालित वंदे भारत भी पांच घंटे लेट रही। वहीं 15211 दरभंगा-अमृतसर जननायक एक्सप्रेस दो घंटे, 12311 हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, 18309 संभलपुर-जम्मूतवी डेढ़ घंटे, 22424 अमृतसर-गोरखपुर सुपरफास्ट दो घंटे, 22125 नागपुर-अमृतसर दो घंटे, 14679 दिल्ली-अमृतसर एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, 14816 ऋषिकेश-श्रीगंगानगर 30 मिनट, 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी शालीमार एक्सप्रेस 20 मिनट, 20433 सूबेदारगंज-कटरा 30 मिनट, 11058 अमृतसर-मुंबई 20 मिनट, 14507 दिल्ली-फाजिल्का एक्सप्रेस 30 मिनट की देरी से स्टेशन पर पहुंची।

### ये ट्रेने रही लेट

ट्रेन नंबर 04652 अमृतसर-जयनगर विशेष छह घंटे की देरी से तो 22477 नई दिल्ली-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस पांच घंटे और 22478 कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत पांच घंटे 40 मिनट की देरी से गंतव्य स्टेशन पर पहुंची। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 12498 अमृतसर-नई दिल्ली शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस चार घंटे, 12053 हरिद्वार-अमृतसर जनशताब्दी एक्सप्रेस तीन घंटे, 12413 अजमेर-जम्मूतवी पूजा एक्सप्रेस तीन घंटे, 20807 विशाखापट्नम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस ढाई घंटे, 12752 जम्मूतवी-नांदेढ़ हमसफर एक्सप्रेस ढाई घंटे, 12715 नांदेढ़-अमृतसर सचखंड एक्सप्रेस दो घंटे, ट्रेन नंबर 64512 अंब अंदौरा-हरिद्वार मैमू दो घंटे, 14521 दिल्ली-अंबाला कैंट दो घंटे।

---

# मतदाता सूचियों की मैपिंग का कार्य 56 फीसदी पूरा

- निर्वाचन आयोग की हिदायत के अनुसार चल रहा है एसआईआर का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनिरीक्षण (एसआईआर) की कार्रवाई चल रही है। इसमें मतदाताओं के 2002 व 12 सितंबर 2024 को प्रकाशित मतदाता सूचियों की मैपिंग का कार्य चल रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिसमें जिला का विशेष गहन पुनिरीक्षण (वर्ष 2002 की मतदाता सूची से मिलान) से संबंधित कुल 56 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। विधानसभा चुनाव क्षेत्र व 12 सितंबर 2024 के अनुसार मतदाता सूचियों के अनुसार नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 219 बूथों के तहत पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 1 हजार 243 व महिला मतदाता 90 हजार 702 हैं। इसी तरह थर्ड जेंडर की संख्या 9 है। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 91 हजार 954 मतदाता हैं।

### मतदाताओं की संख्या 2 लाख 6 हजार 271

इसी प्रकार अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र में 214 बूथों में मतदाताओं की संख्या 1 लाख 7 हजार 608 व महिला मतदाता 98 हजार 652 है। थर्ड जेंडर की संख्या 11 है। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 6 हजार 271 हैं। इसी प्रकार अंबाला शहर विधानसभा में 271 बूथों के तहत पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 36 हजार 600 व महिला मतदाता 1 लाख 25 हजार 579 हैं। थर्ड जेंडर की संख्या 20 है। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 62 हजार 199 मतदाता हैं। इसी प्रकार मुलाना (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र में 264 बूथों के तहत पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 18 हजार 929 व महिला मतदाता 1 लाख 5 हजार 186 व थर्ड जेंडर की संख्या 3 है। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 24 हजार 118 मतदाता हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिला में 968 बूथ हैं। 8 लाख 84 हजार 542 मतदाता हैं। इनमें 4 लाख 64 हजार 380 पुरूष मतदाता व 4 लाख 20 हजार 119 महिला मतदाता हैं। साथ 43 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

---

# साहिबजादों की शहादत को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहिबजादों के शहीदी सप्ताह के उपलक्ष्य में शिव सेवा मंडल सिंहपुरा कॉलोनी की ओर से रेलवे अंडरपास के पास चाय और ब्रेड का विशाल लंगर लगाया गया। इस दौरान राहगीरों और स्थानीय लोगों ने भारी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर शिव सेवा मंडल के प्रधान लक्की भराड़ा ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहिबजादों की शहादत अद्वितीय है। उन्होंने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी इस महान कुर्बानी को कोटि-कोटि प्रणाम हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे बराड़ा चौकी प्रभारी रमेश कुमार ने अपने स्टाफ के साथ छोटे साहिबजादों की शहादत को नमन किया और माथा टेका। बाबा की अरदास के बाद उन्होंने स्वयं अपने हाथों से लंगर वितरित कर सेवा की शुरुआत की।



**बराड़ा।** लंगर में पहुंचने पर गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए मंडल के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

### इन्होंने दिया योगदान

इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. कुलदीप शर्मा, विशाल सिंगला और हरजीत सिंह बिट्टू सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सेवा कार्य में शिव सेवा मंडल के सदस्य निशान सिंह, कमल, रिशु मदान, पवन, सक्षम अरोड़ा, जसविंदर सिंह, साहिल, दीपू और धीरज गोयल आदि ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया।

---

## विश्व ध्यान दिवस पर ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

# मेडिटेशन आत्मा को प्यूरिफाई करने का एक बेहद आसान तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

विश्व ध्यान दिवस के शुभ अवसर पर रविवार को विश्व शांति, विश्व एकता, सद्भावना व भाईचारे के निमित्त ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में भ्राता राजयोगी अरुण कौशिक रहे। वे भंठिंडा से पधारे। कौशिक ब्रह्माकुमारीज़ के यूथ विंग के नेशनल कोऑर्डिनेटर हैं जो कि पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू कश्मीर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम का विषय विश्व को ध्यान से शांति की शक्ति का दान कैसे करें करना रहा। राजयोगी कौशिक बाल्यकाल से ही ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़े हैं। वह ज्ञान योग साधना ध्यान का अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा कि एक समय देश हर समस्या से मुक्त था। धनवान था, समृद्ध, सुशिक्षित, सभ्य और सुसंस्कृत था। उसका एक ही कारण था योग व ध्यान। विश्व को भारत ने ही बताया कि यह ध्यान हमारे जीवन में कितना आवश्यक है और इस बात को स्वीकार किया गया और अब पूरा विश्व मेडिटेशन डे मना रहा है। भ्राता ने बताया 1800 ई से पहले भारत में न ही कोई बड़ी बीमारियां थी। न ही जीवन में बहुत बड़ी समस्याएं थी। केवल प्राकृतिक आपदाएं आती थी। बाढ़ आ गई या अकाल आ गया। फिर भी देश धनवान था। देश को विश्व के अनेक देश ने लूटा भी। अगर पहले देश गरीब होता तो यह सब यहां क्यों आते। संस्कृति अभी वापिस आ रही है। उन्होंने बताया कि वास्तव में मेडिटेशन एक शक्ति है। बिना खर्चे के केवल अभ्यास से ही बहुत सारी समस्याओं का समाधान मेडिटेशन के द्वारा हो सकता है।शरीर की एक्सरसाइज करते हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हमने देखा कि जो फिजिकल एक्सरसाइज करते हैं या जो खुद डॉक्टर हैं वे लोग भी मानसिक बीमारियों का व हार्ट अटैक का शिकार हो रहे हैं। इसलिए मेडिटेशन को समझना और इसका अभ्यास करना बहुत जरूरी है। यह हमारी माइंड पॉवर की एक्सरसाइज है। ध्यान की शक्ति से हम तनाव से मुक्त हो सकते हैं। संबंधों में प्रेम व मधुरता को बढ़ा सकते हैं।





**अंबाला।** दीप जलाकर कार्यक्रम का संचालन करते हुए व शपथ लेते बीके भाई व बहनें।

### मेडिटेशन जरूर सीखना चाहिएः बीके दिव्या

आश्रम संचालिका राजयोगिनी बीके दिव्या दीदी ने कहा कि हम सबको जरूर मेडिटेशन सीखना चाहिए और उसे जीवन का एक अभिन्न अंग बनाना चाहिए। यह दिन हम ध्यान दिवस के उपलक्ष में सभी विश्व शांति की विश्व एकता सद्भावना की शुभकामना कर रहे हैं तो वह दिन दूर नहीं जब पूरे विश्व में शांति होगी। अंत में सभी ने इस दिवस पर शपथ भी ली। सभी ने विश्व शांति के लिए राजयोग ध्यान का अभ्यास किया। पूरे विश्व के लिए शांति सुख सद्भावना प्रेम की सकाश दी। बीके अलका बहन ने मंच संचालन किया। बीके गौरव भाई ने परमात्मा की स्मृति के गीत से सबको मंत्रमुग्ध किया।